# पाठ 14. लिंकन की दाढ़ी

## पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत पाठ का उद्देश्य बच्चों को यह समझाना है कि कोई व्यक्ति चाहे कितना ही बड़ा क्यों न बन जाए, उसे अपने मानवीय मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। उसे सभी के साथ प्रेम, आत्मीयता और सहानुभूति का संबंध बनाए रखना चाहिए। साथ ही दूसरों के सुझावों एवं सलाह को महत्त्व देना चाहिए।

## पाठ का सारांश

अमरीका के लोग अब्राहम लिंकन को अपने पसंदीदा नेता के रूप में बहुत चाहते थे। लोगों के घरों में उनकी तस्वीरें टँगी रहती थीं। अब्राहम लिंकन के दुबले-पतले चेहरे पर दाढ़ी ज़्यादा आकर्षक लगेगी ऐसा सोचकर ग्रेस बीडल नाम की एक छोटी-सी बालिका ने उन्हें पत्र लिखकर अपना सुझाव दिया। उसने लिखा कि दाढ़ी बढ़ा लेने पर आप अधिक आकर्षक लगने लगेंगे और अधिक-से-अधिक लोग आपको वोट देंगे। इस प्रकार आप अमरीका के राष्ट्रपति बन जाएँगे। इसके कुछ दिनों बाद अब्राहम लिंकन ग्रेस बीडल के शहर वेस्टफ़ील्ड में रुके। भाषण देने के बाद वे ग्रेस बीडल से मिले और उससे कहा कि तुम्हारे कहने पर मैंने दाढ़ी को बढ़ा लिया। यह देखकर ग्रेस बीडल की खुशी का ठिकाना न रहा।

## अध्यापन संकेत

पाठ वाचन से पूर्व बच्चों से **पहले पहल** में पूछे प्रश्नों पर चर्चा करें। उन्हें पत्र विधा से अवगत करवाएँ। बच्चों से अब्राहम लिंकन के बारे में बात करें। उन्हें बताएँ कि लिंकन बहुत निर्धन थे। बचपन से ही वे पढ़ने में तेज़, बहुत मेहनती और सहृदय थे। अपने इन्हीं गुणों के कारण वे लोगों में इतने प्रिय हो गए कि अमरीका के राष्ट्रपति पद तक पहुँच पाए। बच्चों को बताएँ कि आज हम अब्राहम लिंकन से जुड़ा एक पत्र पढ़ेंगे। पाठ का वाचन करें। बच्चों से पूछिए–

- ❖ बच्चों को बताएँ कि वाशिंगटन डी.सी. अमरीका की राजधानी है।
- ❖ क्या उनके पिता जी या बड़ा भाई अपने चेहरे पर दाढ़ी रखते हैं? दाढ़ी में वे कैसे लगते हैं? क्या वे उन्हें कुछ सुझाव देते हैं? यदि हाँ, तो बताएँ।
- ❖ बच्चों से पूछें कि क्या वे अपने किसी मित्र या परिवार के किसी सदस्य की आदतों या व्यक्तित्व में कुछ बदलाव चाहते हैं? अपने सुझाव दें।

डिजिटल (Digital) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।